बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना – 800015.

फोन नं0 :– 0612–2217352
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :–ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

पटना, 08 मई 2025ः

निर्वाचन व्यय के दृष्टिकोण से संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान हेतु प्रवर्तन एजेंसी के स्टेट नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन–2025 के दृष्टिगत निर्वाचन व्यय के दृष्टिकोण से संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विनोद सिंह गुंजियाल की अध्यक्षता में प्रर्वतन एजेंसी के स्टेट नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में बिहार पुलिस की ओर से एडीजी (बजट, अपील और वेलफेयर) डा० कमल किशोर सिंह (IPS), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में मुख्य वन संरक्षक (आईटी) श्री एस० चन्द्रशेखर, एनसीबी में जोनल डायरेक्टर श्री अभिषेक आनंद, आयकर विभाग में संयुक्त निदेशक (आईटी) श्री ललित कुमार, स्टेट लेवल बैंकर्स कमिटी में मुख्य प्रबंधक श्री परमानंद शुक्ला, मद्यनिषेद, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में संयुक्त आयुक्त (उत्पाद शुल्क) श्री कृष्णा कुमार, वाणिज्य कर विभाग में संयुक्त आयुक्त (राज्य कर) श्री अभीक अवतांश, प्रवर्तन निदेशालय में संयुक्त निदेशक श्री एस० दत्ता और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो में क्षेत्रीय निदेशक, श्री राजीव कुमार शामिल हुए।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विनोद सिंह गुंजियाल के द्वारा राज्य में निर्वाचन व्यय के दृष्टिकोण से संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों (ESC) की पहचान निर्धारित समय–सीमा के भीतर करने का निदेश दिया गया। इस क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा आयोग द्वारा संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान हेतु निर्धारित मानदंडों के बारे में विस्तार से बताया गया।

उक्त बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार द्वारा आसन्न विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के मद्देनज़र प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतने एवं इन सभी की नियमित रूप से निगरानी कर सम्बंधित डाटा का एकीकृत डाटाबेस तैयार करने संबंधी भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया।

- पिछले विधानसभा और आम चुनावों के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी, शराब, ड्रग्स, मादक पदार्थ, कीमती धातुएँ एवं मुफ्त वस्तुएँ (Freebie) की जब्ती हुई है। इनका डेटाबेस के आधार पर आसन्न निर्वाचन को देखते हुए वर्कआउट प्लान तथा रणनीति।
- अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसे मामलों पर निगरानी तंत्र को मजबूत करते हुए आसन्न निर्वाचन के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करना।

बैठक में Election Seizure Management System (ESMS)' ऐप के बारे में तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचन के दौरान जब्त किए गए कैश, शराब, ड्रग्स आदि की रिपोर्टिंग ESMS ऐप के माध्यम से नोडल पदाधिकारियों द्वारा की जाएगी। इस ऐप के माध्यम से सिजर की रिपोर्टिंग करना काफी सरल हो जाएगा।

इस अवसर पर बिहार निर्वाचन विभाग के अपर सचिव श्री माधव कुमार सिंह, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री धीरज कुमार, सिस्टम एनालिस्ट श्री मनीष कुमार, जनसम्पर्क पदाधिकरी श्री रंजीत रंजन भी मौजूद थे।

****